FRONTLIST

SEPTEMBER 2022

‘Virtual Delhi Book Fair 2022’

हिन्दी दिवस समारोह

इस बार

प्रगति विचार ‘हिंदी में’

14 सितंबर 2022

आइए सुने हिंदी प्रकाशकों से हिंदी भाषा का महत्व

नई वाली हिंदी | प्रभात प्रकाशन | Penguin Random House India | PRATHAM BOOKS | maplepress

WELCOME MESSAGE

Dear Frontlist Readers,

Kudos to the solidarity you have shown us and the unconditional love you've provided us throughout our journey. Today, Frontlist Media is shimmering like a star in the Indian Publishing Industry. And all credit goes to each one of you.

Every month, we try to think of something new to pique your interest in literary pursuits. We celebrate 'Hindi Diwas' in September on the 14th of the month. At Frontlist, we are using this opportunity to flaunt that even if we are moving towards western culture, our hearts remain Indian, in which Hindi has a special place. We don't care whether it's labeled as the national language or not; it will always be an essential part of our identity and culture. To commemorate the relevance of the Hindi language, we've featured various Hindi publishers who discussed pivotal aspects of the Hindi publishing world this month. We have chosen to stay away from the national language debate and let the political leader do political discussion. We care about literature!

We also exclusively feature the India Book Market Report 2022 by Nielsen BookScan Data and the Federation of Indian Publishers and a special interview with the key leaders behind it. This report will bring key insights into the current and future of the Indian publishing and books industry. The Report will be launched in September.

On the occasion of Hindi Diwas, we are announcing a unique event for the first time—PragatiE Vichaar Hindi Diwas 2022, which will also be integrated with the Virtual Delhi Book Fair 2022 from 13th to 17th September. Gear up to experience insightful conversations with Hindi authors to inculcate the love of Hindi as a language.

The last but significant thing to be highlighted is that the PVLF Author Excellence Awards 2023 are still open for nominations in various categories. The nominations are closing soon, and we've already crossed our last year's entries and are hoping to take a giant leap in 2023. Hurry up, authors, don't let this opportunity slip away from your hands.

Thank you so much for standing with us throughout our fantastic journey. We need your unwavering support for smooth sailing, as, without readers, Frontlist is soulless.

Keep reading the Frontlist Space :)

Write to me : navita@frontlist.in

Navita Berry
Business Head

CONTENT

05

हिन्दी दिवस स्पेशल

- पूनम मित्तल
- प्रभात कुमार
- शैलेश भारतवासी
- हिमांशु गिरी
- वैशाली माथुर
- अदिती माहेश्वरी

17

Exclusive Coverage:
India Book Market Report 2022- Nielsen Bookscan Data & FIP

21

Publishing Talks & Tales :
Dreamland New Release for kids

23

Media Coverage:

- Soft Launch : Bringing India to Indians (and the World) : New series of Illustrated books by Shiv Kunal Verma at Pondicherry Literature Festival
- Book Launch: “Seven Immortals” Immortality : Boon or Curse by Shalini Modi, organised by Oxford Bookstores
- Book Launch: 'Pioneers of Modern India' - Eight-title monograph series, organised by Niyogi Books
- Book Release : ‘The Guru - Guru Nanak’s Saakhis’, by Author Rajni Sekhri Sibal, organised by Story Mirror
- PubliCon 2022 and Publishing Awards, organised by the Federation of Indian Chambers of Commerce & Industry (FICCI)
- पुस्तक लोकार्पण: ‘कुलभूषण का नाम दर्ज कीजिए’ और ‘तेरह हलफ़नामे’ द्वारा अलका सरावगी, वाणी प्रकाशन
- आज़ादी के 75वें वर्ष में श्री अरुण माहेश्वरी को प्रकाशन उद्योग में योगदान हेतु ‘कैरेक्टर–ट्री’ सम्मान
- Book Launch: "MY SILK ROAD: The Adventures and Struggles of a British Asian Refugee" by Ram Gidoomal, organised by CottonConnect

36

Author's Interviews:

- Rajesh Talwar
- Amish Tandon
- Atul K Thakur
- Priya Hajela
- Mynoo Maryel
- प्रतीक भारत पालोरी
- हरकीरत सिंह ढिंगरा

47

Frontlist Special:

- Spotlight Session - Azadi ka Amrit Mahotsav : 75 Years of Book Publishing in India

Frontlist
Volume 2, Issue No. 9 - September 2022
Editorial & Publishers Office: Frontlist Media, 4259/3, Ansari Road, Darya Ganj
New Delhi - 110002, India
Tel: 9711676777
Email: media@frontlist.in
Website: www.frontlist.in

Business Head: Navita Berry
Co-founder: Pranav Gupta & Kapil Gupta
Designed by: Frontlist Media

Published & Printed by Mr. Pranav Gupta on behalf of Frontlist Media, Printed at Mohit Enterprises, 1-2-3, 1st Floor, Bldg. No. 2919, Sir Syed Ahmed Road, New Post Office, Darya Ganj, New Delhi - 110002

We stand indemnified against any claims arising directly or indirectly from the publication or non- publication of an advertisement. All rights reserved. No part of this magazine may be reproduced without the prior permission of the publisher. All trademarks and trade names mentioned in this magazine belong to their respective owners.

Frontlist does not take responsibility for returning unsolicited publication material. All disputes are subject to the exclusive jurisdiction of competent courts and forums in Delhi/New Delhi only. Opinion expressed in the articles are of the authors and do not necessarily reflect those of the editors or publishers. While the editors do their utmost to verify information published, they do not accept responsibility for its absolute accuracy.

हिन्दी दिवस

के अवसर पर हिन्दी प्रकाशकों
के साथ विशेष साक्षात्कार!

हिन्दी दिवस स्पेशल

पूनम मित्तल

प्रबंधन निदेशक, मेपल प्रेस

श्रीमती पूनम मित्तल मेपल प्रेस प्रा० लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। वे प्रकाशन के क्षेत्र में कई वर्षों से कार्यरत है। वे NIt Surathkal से इंजीनियरिंग स्नातक है एंवम G.K. Publishing (P) Ltd की डायरेक्टर भी रह चुकी हैं।

सोशल Entrepreneur होने के नाते वे शिक्षा के क्षेत्र में सस्ती व अच्छी किताबें प्रकाशित करके अपना योगदान देना चाहती है।

फ्रंटलिस्टः मेपल प्रेस ने हिन्दी साहित्य को बढ़ावा देने के लिए नए जमाने के हिन्दी लेखकों को कैसे एक मंच प्रदान किया है?

पूनमः मेपल प्रेस ने pblishing.com नाम से एक ई–कार्मस पोर्टल बनाया है जिसमें नए लेखकों को अपनी पुस्तकों को प्रकाशित करवाने के लिए पुस्तकों का प्री–आर्डर देना होता है। इसके लिए न तो उन्हें अधिक प्रतीक्षा करनी होती है और न ही उनकी कृति के अस्वीकृत होने का भय होता है। मेपल प्रेस का पूरा प्रयत्न नयी कृतियों को प्रकाशित करने का होता है।

फ्रंटलिस्टः मेपल प्रेस ने हिन्दी और अंग्रेजी पुस्तकों के बीच पाठकों के आधार में क्या अंतर अनुभव किया है? युवा पीढ़ी के बीच हिन्दी पाठकों की संख्या बढ़ाने के लिए हम कौन से दृष्टिकोण अपना सकते हैं?

पूनमः हिन्दी के पाठकों की संख्या अंग्रेजी के पाठकों से काफी कम है फलतः पुस्तकों (हिन्दी) की लोकप्रियता पर प्रभाव पड़ता है। हिन्दी पुस्तकों की ओर पुस्तकालयों का रुझान बढ़ा है। प्रेरणादायक तथा स्वप्रेरित करने वाली पुस्तकों (motivational books, sefl help books) की माँग अधिक है। युवा पीढ़ी में कविता एवं कहानियाँ लिखने का जोश पाठकों के जोश से अधिक है। टी.वी. और मोबाईल अधिकांश समय ले लेता है। आज की पीढ़ी के बीच हिन्दी का पठन बढ़ाने के लिए पुस्तकों को रुचिकर, आकर्षक, रंगीन तथा ग्राह्य बनाना होगा।

प्राथमिक शिक्षा हिन्दी में देनी होगी जिसके लिए सरकार कार्यरत है।

फ्रंटलिस्टः अधिकांश माता–पिता पसंद करते हैं कि उनके बच्चे अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में सीखें, जो हिन्दी पुस्तक प्रकाशन को अस्वीकार करता है। यह हिन्दी प्रकाशकों को कैसे प्रभावित करता है?

पूनमः अभिभावक यह समझते हैं कि आगे बढ़ने के लिए अंग्रेजी ही एकमात्र रास्ता है इसीलिए वे बोलचाल तथा पढ़ने में बच्चों को अंग्रेजी की ओर ही प्रोत्साहित करते हैं। परिणामस्वरूप हिन्दी में प्रकाशित पुस्तकें कम बिकती हैं। हिन्दी पुस्तकों को पढ़ने में कम रुचि होने के कारण प्रकाशक भी नए लेखकों की पुस्तकें प्रिंट नहीं करना चाहते हैं।

फ्रंटलिस्टः एक प्रकाशक होने के नाते, जब आपने हिन्दी पुस्तकों का प्रकाशन शुरू किया तो आपको किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा? क्या आपको लगता है कि आने वाले वर्षों में हिन्दी प्रकाशन उद्योग फल–फूलेगा?

पूनमः जब हमने इस प्रकाशन को प्रारम्भ किया तो हमारा यही उद्देश्य था कि हम हिन्दी में अच्छी पुस्तकें प्रकाशित करें। कागज, प्रिंटिंग, चित्रण, विषयवस्तु सभी को हमने ध्यान में रखा। पाठकों को आकर्षित करने के लिए हिन्दी की पुस्तकों का आकर्षक होना भी अत्यावश्यक था। प्रकाशन के बाद उन्हें बेचना भी बहुत मुश्किल था। 1100 का प्रिंट रन भी बिक नहीं पाता था पर हमने साहस नहीं छोड़ा और लगे रहे। हमने हिन्दी में काफी पुस्तकें प्रकाशित करी हैं।

हमारा पूरा विश्वास है कि आने वाले वर्षों में हमारी सरकार की नई नीतियों के कारण हिन्दी प्रकाशन उद्योग एक नई ऊँचाइयों को छूएगा और पाठकों की संख्या भी बढ़ेगी।

फ्रंटलिस्टः क्या आपको लगता है कि हिन्दी प्रकाशक छम्

2022 में शैक्षिक क्षेत्र में लाए जाने वाले परिवर्तनों को अपनाने में सक्षम होंगे?

पूनमः NE 2022 में शैक्षिक क्षेत्र में हिन्दी प्रकाशकों का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा देने की योजना से हिन्दी का प्रचार–प्रसार बढ़ेगा। हिन्दी प्रकाशक अच्छी और आकर्षक पुस्तकें छापकर बच्चों तक पहुँचा पाएँगे। पाठकों को एक बार आनंद आने लगेगा तो वे उससे अलग नहीं हो पाएँगे।

हिन्दी भाषा के लेखकों, कवियों का शिक्षा, सामाजिक और राष्ट्रीय जागृति में बहुत बड़ा योगदान रहा है। हम अपनी भाषा की पुस्तकों को लोकप्रिय बनाएँ यही हमारी चेष्टा रहेगी।

फ्रंटलिस्टः **हिन्दी साहित्य उत्सवों ने हिन्दी पुस्तकों और उनके लेखकों के विपणन को और अधिक सुविधाजनक बना दिया है। इस पर आपकी क्या राय है?**

पूनमः हिन्दी साहित्य उत्सव एक ऐसा मंच है जहाँ लेखक अपनी पुस्तकों का प्रमोचन (launch) करते हैं, गोष्ठियों होती हैं, अपनी बात करने का लेखकों को अवसर मिलता है। साहित्य लेखक या पठन में रुचि रखने वाले ऐसे उत्सव की ब्रेसब्री से प्रतीक्षा करते हैं।

फ्रंटलिस्टः **अंग्रेजी साहित्य ने आज की दुनिया में सभी भाषाओं को पछाड़ दिया है। हम लोगों को हिन्दी किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग कैसे कर सकते हैं?**

पूनमः अंग्रेजी के वैश्विक भाषा होने के कारण अंग्रेजी पाठकों की संख्या अधिक है। आर्थिक रूप से सम्पन्न होने के कारण उनमें पुस्तकें खरीदने की क्षमता भी अधिक है। विदेशों में लोगों में किताब पढ़ने में अधिक रूचि होती है। यहाँ पर लोग किताब कम पढ़ते है।

इसका यह अर्थ कदापि नहीं कि अन्य भाषाओं में पुस्तकें पनप नहीं सकतीं। दूरदर्शन तथा सोशल मीडिया में आज हिन्दी का चलन बढ़ रहा है। हिन्दी की पुस्तकों को उचित मूल्य पर आकर्षक स्वरूप में उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। इन पुस्तकों के प्रचार एवं प्रसार में सोशल मीडिया बहुत अधिक उपयोगी सिद्ध होगी। इसकी पहुँच बहुत दूर–दूर तक होती है। जागरूकता अवश्य आएगी।

फ्रंटलिस्टः **हिन्दी अनुवादित शीर्षक मूल हिन्दी शीर्षकों से अधिक लोकप्रिय क्यों हैं? प्रकाशक के दृष्टिकोण से उत्तर दें।**

पूनमः इसका एक ही उत्तर है। हिन्दी की अंग्रेजी में अनुवादित पुस्तकों की लोकप्रियता का श्रेय पाठकों की संख्या को जाता है। अंग्रेजी पाठक पूरी दुनिया में हैं जो कि भारत के हिन्दी पाठक वर्ग से कहीं अधिक हैं। हिन्दी पाठकों का बाजार बहुत की सीमित है। अंग्रेजी में अनुवादित पुस्तक की प्रसिद्धि का यही मूल कारण है।

प्रभात कुमार

निर्देशक, प्रभात प्रकाशन

प्रभात कुमार जन्म : 27 मई, 1968, दिल्ली में।

हिंदी के प्रमुख प्रकाशन संस्थान 'प्रभात प्रकाशन' का संचालन कर रहे हैं, जो अब तक सात हजार से अधिक स्तरीय पुस्तकों का प्रकाशन कर चुका है। ISO 9001:2015 से प्रमाणित प्रभात प्रकाशन को सर्वोत्कृष्ट पुस्तकें प्रकाशित करने के लिए गत अनेक वर्षों से निरंतर पुरस्कृत किया जाता रहा है। वर्ष 2000 में फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ युवा प्रकाशक पुरस्कार' से सम्मानित।

साहित्यिक व सांस्कृतिक पृष्ठभूमि तथा अभिरुचि के कारण हिंदी के प्रमुख साहित्यकारों, पत्रकारों तथा साहित्य–सेवियों से आत्मीय संबंध हैं। भारतीय वाङ्मय का प्रचार करने तथा हिंदी को विश्वभाषा के रूप में प्रतिष्ठित कराने के उद्देश्य से आपने अनेक बार विदेशों में पुस्तक प्रदर्शनियों का आयोजन किया तथा प्रवासी हिंदी लेखकों की पुस्तकें बड़ी संख्या में प्रकाशित की। वर्ष 1999 में लंदन में छठे, वर्ष 2002 में सूरीनाम में सातवें, वर्ष 2015 में भोपाल में नौवें एवं 2018 में मॉरीशस में आयोजित दसवें वि□व हिंदी सम्मेलनों में भारत सरकार के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में प्रकाशकों का प्रतिनिधित्व किया। माननीय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली भारत सरकार की केंद्रीय हिंदी समिति के सदस्य रहे (2014–17)।

जिस समय हिंदी की अधिकांश साहित्यिक पत्रिकाएँ एक–एक कर लुप्त होती जा रही थीं, आपने अगस्त 1995 में 'साहित्य अमृत' (मासिक) का प्रकाशन प्रारंभ किया, जो विद्वान् लेखकों और जिज्ञासु पाठकों के बीच संपर्क–सेतु का काम कर रही है।

फ्रंटलिस्टः **प्रभात प्रकाशन ने हिंदी साहित्य की दुनिया को क्लासिक हिंदी कहानियों की छवि को बदलने के लिए कैसे प्रभावित किया है?**

प्रभातः दो–तीन दशक पूर्व हिंदी में सामान्यता साहित्य की विविध विधाओं, यथा–उपन्यास, कहानी, व्यंग्य, कविता, निबंध, समीक्षा, आलोचना, रेखाचित्र, संस्मरण आदि प्रकाशित होते थे। हिंदी के प्रतिष्ठित रचनाकार प्रायः इन्हीं विषयों में लिखकर पाठकों को

उच्च कोटि का साहित्य उपलब्ध करवाते थे। सन् 1990 के आसपास प्रभात प्रकाशन ने सबसे पहले लोकप्रिय विज्ञान की पुस्तकें प्रकाशित कीं। ये पुस्तकें विज्ञान परिषद्, सी.एस.आई.आर. आदि वैज्ञानिक संस्थाओं से संबद्ध वैज्ञनिकों व विज्ञान विषयक लेखकों द्वारा लिखी गई थीं। इन पुस्तकों ने एक नए प्रकार के पाठक–वर्ग का निर्माण किया, जो विज्ञान के विविध आयामों, जैसे–पर्यावरण, भौतिकी, रसायन पर प्रामाणिक किंतु सरल–सुबोध हिंदी में पुस्तकें पढ़ना चाहते थे। बच्चों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि विकसित करने में भी इन्होंने बड़ी भूमिका निभाई। 'आओ मॉडल बनाएँ', 'आओ प्रयोग करें', 'ऐसा क्यों होता है' जैसी पुस्तकों ने बालकों में विज्ञान के प्रति आकर्षण उत्पन्न किया, क्योंकि वे सुबोध शैली में प्रस्तुत इस सामग्री का अध्ययन कर स्वयं को अंग्रेजी–भाषी छात्रों के समतुल्य बनाने के लिए उद्यत होते थे, अन्यथा वे इन विषयों से वंचित रह जाते।

ऐसे ही व्यक्तित्व विकास और सैल्फ–हेल्प विषयों पर प्रसिद्ध लेखकों की पुस्तकों के हिंदी अनुवाद ने भी एक बड़ा पाठक–वर्ग विकसित किया, जो अंग्रेजी में पुस्तकें होने के कारण इन्हें पढ़ नहीं पाते थे और जीवन में सफलता के नए अध्याय नहीं लिख पाते थे। शेयर बाजार, कुकरी, सैन्य विषयक तथा धर्म–राजनीति–सांस्कृतिक विषयों पर भी हिंदी के पाठकों को श्रेष्ठ पुस्तकें उपलब्ध करवाईं ताकि अध्ययन में वे किसी भी रूप में अंग्रेजी पढ़नेवाले पाठकों से पीछे न रहें।

पाठकों की अभिरुचि में इस आमूलचूल परिवर्तन का श्रेय प्रभात प्रकाशन को नहीं वरन् हिंदी के सभी प्रकाशकों को जाता है, जिन्होंने समय की आवश्यकता के अनुसार अपनी प्रकाशन नीति में यथोचित बदलाव किए।

फ्रंटलिस्टः साहित्य अमृत प्रभात प्रकाशन द्वारा शुरू की गई एक प्रतिष्ठित हिंदी साहित्यिक मासिक पत्रिका है। यह पत्रिका हिंदी साहित्य में कैसे बदलाव ला रही है?

प्रभातः एक समय जब हिंदी की प्रतिष्ठित पत्रिकाएँ 'धर्मयुग', 'साप्ताहिक हिंदुस्तान', 'सारिका', 'दिनमान' बंद हो रही थी, तब 'साहित्य अमृत' का प्रकाशन प्रारंभ होना सबके लिए एक आश्चर्य का विषय था। विगत 27 वर्षों में 'साहित्य अमृत' ने लेखकों और पाठकों के बीच एक सेतु का काम किया है। किसी भी विवाद और विकृति से दूर रहकर सकारात्मकता के साथ इसने हिंदी साहित्यिक जगत् की एक सार्थक मंच प्रदान किया है, जहाँ स्थापित तथा नवोदित सब प्रकार के रचनाकार अपनी रचनाएँ प्रकाशनार्थ देते हैं और पाठक उनका आस्वादन कर समृद्ध होते हैं। पत्रिका ने स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, मीथडिया, लोक–संस्कृति, भारतीय भाषा, शौर्य, विश्व हिंदी सम्मेलन, कहानी, कविता, व्यंग्य आदि पर विशेषांक प्रकाशित किए हैं, जिन्हें पाठकों का अभूतपूर्व प्रतिसाद और प्रशंसा मिली। हर विशेषांक ने अपने आप में विषय को संपूर्णता में प्रस्तुत किया और अपार लोकप्रियता अर्जित की। पत्रिका में लंबे समय से ईनामी वर्ग पहेली प्रकाशित हो रही है, जिसमें पाठक बढ़–चढ़कर भाग लेते हैं और इससे उनकी शब्द–संपदा का विकास होता है।

जब पत्रिकाएँ बंद होने लगीं तो नवोदित रचनाकारों को अपनी रचनाएँ प्रकाशित करवाने का संकट उपस्थित हो गया। ऐसे में 'साहित्य अमृत' ने 'नवांकुर' नामक स्तंभ में इन रचनाकारों की रचनाएँ प्रकाशित कर उन्हें संबल दिया, राष्ट्रीय मंच दिया। युवा रचनाकारों में लेखन की उत्कृष्टता विकसित करने की दृष्टि से 'साहित्य अमृत' ने 'युवा हिंदी कहानी प्रतियोगिता', 'युवा हिंदी कविता प्रतियोगिता' तथा 'युवा हिंदी व्यंग्य प्रतियोगिता' का आयोजन किया, जिसमें देश भर के 35 वर्ष तक के रचनाकारों ने सहभागिता की।

कुल मिलाकर 27 वर्षों की दीर्घ यात्रा में 'साहित्य अमृत' ने हिंदी के साहित्यिक जगत् को समृद्ध किया है और पाठकों को उत्कृष्ट पठन सामग्री उपलब्ध करवाकर अपना किंचित् योगदान दिया है।

फ्रंटलिस्टः नई शिक्षा नीति 2022 अंग्रेजी के बजाय पहली पांच कक्षाओं में क्षेत्रीय भाषा को शुरू करने पर जोर देती है। क्या आप मानते हैं कि यह छात्रों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा क्योंकि समाज का झुकाव पश्चिमीकरण की ओर हो रहा है, और अंग्रेजी भाषा की प्रमुखता भी प्रबल हो गई है?

प्रभातः नई शिक्षा नीति में प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षण अंग्रेजी के बजाय क्षेत्रीय भाषा में करने के विचार को सबका भरपूर समर्थन मिल रहा है। हम किसी भाषा के विरोधी नहीं हैं पर निज भाषा, निज संस्कृति और परंपराओं पर बल देना तो अनुचित नहीं है। भारत 1947 में स्वतंत्र हुआ, अंग्रेज चले गए, पर अंग्रेजी भाषा का प्रभाव बना रहा और हिंदी तथा भारतीय भाषाओं को हीन दृष्टि से देखा जाने लगा। स्थान–स्थान पर अंग्रेजी माध्यम स्कूल खुल गए हैं, जहाँ अंग्रेजी में शिक्षण होता है, पर भारतीयता का ज्ञान नहीं दिया जाता। जब प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ाने का माध्यम क्षेत्रीय भाषा या हिंदी होगी तो शब्द, विचार, परंपरा, संस्कृति स्वतः बालमन पर अंकित हो जाएँगे। दिल्ली के प्रसिद्ध सरदार पटेल विद्यालय में कक्षा पाँच तक सभी विषयों (अंग्रेजी छोड़कर) की पढ़ाई हिंदी में होती है और कक्षा छह से अंग्रेजी में पढ़ाई प्रारंभ होती है। छात्र–छात्राएँ पाँचवीं तक हिंदी में दक्ष हो जाते हैं और छठी कक्षा में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ने में उन्हें कोई असुविधा नहीं होती। अनेक देश हैं, जहाँ पूरी शिक्षा वहाँ की भाषा में होती है, वे तो अंग्रेजी तक नहीं बोल समझ पाते; क्या वे उन्नत नहीं है? क्या उन्होंने ज्ञान–विज्ञान में उत्कर्ष प्राप्त नहीं किया?

अतः अब समय आ गया है कि कक्षा पाँचवीं तक हिंदी तथा क्षेत्रीय भाषाओं में पढ़ाई प्रारंभ की जाए और शनैः.शनैः उच्च शिक्षा भी इन्हीं में हो। थोड़ा समय लगेगा, पर निरंतर इस पथ पर चलते हुए हम यह अभीष्ट लक्ष्य पा ही लेंगे।

फ्रंटलिस्टः क्या आप मानते हैं कि एनईपी 2022 शिक्षा प्रणाली में बदलाव लाने के लिए हिंदी प्रकाशक अच्छी तरह से सुसज्जित हैं?

प्रभातः एन.ई.पी. 2022 में शिक्षा प्रणाली में हुए परिवर्तनों के अनुरूप अपनी पुस्तकों में यथोचित तथा अपेक्षित संशोधन करने के लिए हिंदी प्रकाशक सक्षम हैं, तैयार हैं। इस अवसर का भरपूर लाभ उठाकर श्रेष्ठ और स्तरीय नई पाठ्य–पुस्तकें विकसित कर प्रकाशक राष्ट्र–निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं।

फ्रंटलिस्टः ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने हिंदी किताबों की बिक्री बढ़ाने में कैसे मदद की है?

प्रभातः ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने हिंदी पुस्तकों की बिक्री बढ़ाने में अत्यंत सराहनीय काम किया है। अब पुस्तकें सुदूर क्षेत्रों में भी

आसानी से उपलब्ध हैं, जहाँ पुस्तकों की दुकानें ही नहीं थीं। पाठक अपनी रुचि की पुस्तकें घर बैठे ही कम्प्यूटर पर ब्राउज करके चुन लेते हैं और ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म से मँगा लेते हैं। सोशल मीसडिया के विस्तार के कारण भी नई प्रकाशित पुस्तकों की सूचना तत्काल प्रसारित हो जाती है और उस माँग को ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म पूरी कर देते हैं।

फ्रंटलिस्टः नीलसन बुकस्कैन डेटा के अनुसार, मूल हिंदी शीर्षकों की पुस्तक बिक्री हिंदी–अनुवादित पुस्तकों की तुलना में काफी कम है? इस पर आपका क्या ख्याल है?

प्रभातः हिंदी साहित्य में अभी भी मौलिक हिंदी पुस्तकों की माँग अधिक है। हाँ, अंग्रेजी से हिंदी में अनूदित साहित्येतर विधाओं की बिक्री आंशिक रूप से अधिक है। विदेशी लेखकों के उपन्यास हिंदी या अन्य भारतीय भाषाओं में प्रकाशित हुए हैं, पर उन्हें वह प्रतिसाद नहीं मिला जो अंग्रेजी या किसी अन्य विदेशी भाषा में मिला। जे.के. राउलिंग के हैरी पॉटर, विक्रम सेठ के 'ए सूटेबल बॉय', सलमान रश्दी के 'आधी रात की संतान', नोबेल पुरस्कृत सर वी.एस. नायपॉल के 'आस्था के पार', 'भारत : एक आहत सभ्यता' और 'माटी मेरे देश की' विश्व की अनेक भाषाओं में छपकर लाखों प्रतियाँ बिकीं, पर हिंदी में सामान्यता इनकी दूसरी आवृत्ति नहीं हुई। अपवादस्वरूप लुइस एल. हे की 'यू कैन हील योर लाइफ' पुस्तक की लगभग पच्चीस हजार प्रतियाँ बिक चुकी हैं।

फ्रंटलिस्टः आने वाले वर्षों में हिंदी प्रकाशन उद्योग में हम किन नवाचारों और अवसरों की उम्मीद कर सकते हैं?

प्रभातः हिंदी प्रकाशन उद्योग के सामने अपार संभावनाएँ हैं। भारत की आधी से अधिक आबादी हिंदी जानने.बोलने वाली है। अगर इसमें से मात्र एक प्रतिशत भी पुस्तकें खरीदकर पढ़ने लगे तो किसी भी अच्छी और रोचक पुस्तक की 25–30 हजार प्रतियाँ बिकना कठिन नहीं होगा। बात कुल मिलाकर ऐसा वातावरण बनाने की है, जिसमें पुस्तकें हमारे दैनंदिन जीवन का हिस्सा बन जाएँ और अपनी आय का एक निश्चित भाग हम पुस्तकों पर खर्च करें। अवसर अनंत हैं, बस केवल हमें पाठक की रुचि को ध्यान में रखना पड़ेगा। नवाचार के क्रम में पाठकों की पठन रुचि का परिष्कार करना, नए विषयों को चुनकर उन पर रोचक सामग्री प्रस्तुत करना; बाल साहित्य की अधिकाधिक सुंदर–सुचित्रित पुस्तकें भी बड़े अवसर उपलब्ध करवा सकती हैं।

फ्रंटलिस्टः लोगों को हिंदी प्रकाशन की प्रासंगिकता के बारे में अधिक जागरूक करने के लिए प्रभात प्रकाशन सोशल मीडिया का कुशलतापूर्वक उपयोग कैसे कर रहा है?

प्रभातः आज सोशल मीडिया किसी भी विषय और वस्तु के बारे में जानकारी देने का सबसे सशक्त और कम लागत वाला माध्यम है। प्रभात प्रकाशन ने इस क्षेत्र में सक्रियता से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है। हम अपनी नई पुस्तकों की जानकारी फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम तथा प्रभात प्रकाशन के अपने यू–टयूब चौनल के माध्यम से प्रसारित करते हैं। साथ ही विभिन्न समाचार.पत्रों के डिजिटल चौनलों जैसे–साहित्य तक, द प्रिंट आदि में पुस्तकों पर परिचर्चा करते हैं। हमारे विभिन्न पुस्तक लोकार्पण–समारोहों को हम फेसबुक, यू–ट्यूब लाइव के माध्यम से पाठकों को जोड़ते हैं, जिसके कारण पुस्तकों के प्रति रुचि भी बढ़ती है। हम सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी पुस्तकों के 'प्री–पब्लिकेशन ऑफर' ई–कॉमर्स पोर्टल्स पर प्रचारित करते हैं, जिससे पुस्तकों की माँग बढ़े।

अंत में मुख्य बिंदु यही है कि हम अपने बच्चों, परिजनों और मित्र–परिचितों को पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित करें। एक सुपठित व सुविज्ञ समाज ही राष्ट्र की उन्नति और प्रगति का पथ प्रशस्त करेगा। इस अमृत काल में भारतवर्ष में पुस्तकों के प्रति एक विशेष स्थान और सम्मान सुनिश्चित करना एक सजग समाज का कर्तव्य भी है और यही अभीष्ट भी है।

शैलेश भारतवासी,
निर्देशक, हिंद युग्म

हिंद युग्म के संस्थापक–संपादक शैलेश भारतवासी एक इंजीनियरिंग स्नातक हैं, लेकिन साहित्य के प्रति उनका प्यार और स्नेह बचपन से ही एक सतत यात्रा रही है। उन्होंने इंटरनेट की सॉफ्टवेयर दुनिया में हिंदी अनुप्रयोगों की एक विस्तृत श्रृंखला को लोकप्रिय बनाने की दिशा में अपने उद्यमशीलता के जुनून को प्रसारित किया।

वे हिंदी प्रकाशन में एक नई लहर का नेतृत्व करने में बेहद सफल रहे हैं। होनहार कहानीकारों को खोजने के अलावा, वह अपरंपरागत शैलियों में कविता, कथा और गैर–कथाओं के एक तांत्रिक मिश्रण की पेशकश करने में नए आधार तोड़ रहे हैं। ऐसे समय में जब दुनिया भर में कविता प्रकाशन की दुनिया सिकुड़ रही है, शैलेश के हिंद युग्म ने नए उभरते कवियों को स्थान दिया है। हिन्द युग्म ने नई पीढ़ी के युवा लेखकों को जन्म दिया है और भारत के प्रकाशन इतिहास में एक शक्तिशाली ट्रेंडसेटर बन गया है।

फ्रंटलिस्टः 'नई वाली हिंद' आंदोलन ने युवाओं में और अधिक हिंदी पुस्तकें पढ़ने की गति को किस प्रकार उभारा है?

शैलेषः नई वाली हिंदी एक ऐसा आंदोलन है जिसने हिंदी किताबों से विमुख हो गए पाठकों को एक बार फिर से हिंदी किताबों की तरफ़ मोड़ा है। यह दौर भदेस के सेलिब्रेशन का है। इंटरनेट ने हर तरह की स्थानीय आवाज़ों को वैश्विक मंच दिया है, तो नई वाली हिंदी ने समय के इस बदलाव को पहचाना और

लिखने तथा पढ़ने वालों, दोनों को सीधे तौर पर उनकी भाषा में संवाद करने अवसर दिया। इससे हिंदी में बहुत सारे ऐसे लेखक आए जिनकी प्रतिध्वनि को विशेष तौर पर युवा पाठकों ने पहचाना और खुद को उससे जुड़ा हुआ महसूस किया। इसी का परिणाम है कि आज के समय में लाखों युवा हिंदी किताबों की तरफ़ देख रहे हैं।

फ्रंटलिस्ट: हिंद युग्म किस प्रकार हिन्दी लेखकों को उनकी कृतियों की पहचान और पहचान दिलाने में सहायता कर रहा है?

शैलेष: एक तो हिंद युग्म का दायरा वैश्विक है तो हमारे लेखकों की पहचान वैश्विक है। हिंद युग्म मुद्रित दुनिया के साथ–साथ हर किताब के ईबुक, ऑडियोबुक संस्करण भी प्रकाशित कर रहा है, जिससे नए समय के पाठक भी उस किताब को पढ़ रहे हैं। हिंद युग्म अपनी ज़्यादातर किताबों को फ़िल्म तथा वेबसीरीज़ निर्माण के लिए निर्माता–निर्देशकों के समक्ष प्रस्तुत कर रहा है। कुछ किताबों पर बनी फ़िल्में तथा वेबसीरीज़ प्रदर्शित भी हो चुकी हैं, और बहुत–सी पुस्तकों पर काम चल रहा है।

फ्रंटलिस्ट: अँग्रेज़ी किताबों की तुलना में हिंदी पाठकों की कमी अभी भी है। माता–पिता अपने बच्चों को अँग्रेजी पढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। यह हिंदी प्रकाशन के विस्तार में किस प्रकार बाधा उत्पन्न कर रहा है?

शैलेष: यह हर तरीक़े से बाधा ही है। मेरा मानना है कि हमारे देश में पढ़ने की कोई समृद्ध परंपरा कभी नहीं रही और विशेष तौर पर हिंदी भाषी क्षेत्रों में तो लगभग न के बराबर ही रही। हम सब ऐसे लोग हैं जो अँग्रेज़ी भाषा और अँग्रेज़ीयत को कुलीनता और समृद्धि से जोड़कर देखते हैं।

मेरा मानना है कि किसी भी भाषा का साहित्य (चाहे वो फ़िक्शन हो या नॉन फ़िक्शन, या इससे इतर कुछ) ऐसे लोग ही पढ़ते हैं कि जिनकी शुरुआती शिक्षा उसी भाषा में हुई हो। यानी हिंदी भाषा के साहित्य से उस व्यक्ति का जुड़ाव सर्वाधिक होगा जिसकी शुरुआती शिक्षा–दीक्षा हिंदी माध्यम में हुई हो। इसलिए हिंदी किताबों के पाठक पर्याप्त संख्या में नहीं हैं।

हिंदी को माध्यम के तौर पर न चुनने में माता–पिता का कोई दोष नहीं है, दोष हमारे देश की भाषानीति का है। यदि हिंदी माध्यम से पढ़ने वाले किसी व्यक्ति को उच्च शिक्षा तथा रोज़गार के वैश्विक स्तर पर समान अवसर मिलें तो हर माँ–बाप अपने बच्चों को अपनी भाषा में पढ़ाना पसंद करेंगे। यदि हम भारतीय भाषाओं से जुड़े किसी भी कस्मि के उत्थान की बात करना चाहते हैं तो पहले हमें अपने देश की भाषानीति पर काम करना होगा।

फ्रंटलिस्ट: हमारे पास कई हिंदी प्रकाशन कंपनियां हैं, लेकिन हिंद युग्म दूसरों से कैसे अलग है?

शैलेष: हिंद युग्म कई स्तरों पर ज्यादातर हिंदी प्रकाशनों से अलग है। सबसे पहला अंतर तो यही है कि हिंद युग्म पांडुलिपियों या लेखकों का चुनाव पारंपरिक तरीक़े से नहीं करता। ज़्यादातर हिंदी प्रकाशन हिंदी की लघुपत्रिकाओं में छपी रचनाओं या संबंधित लेखकों की पुस्तकें प्रकाशित करते रहे हैं। मेरे कहने का मतलब है कि यदि कोई लेखक अपनी पुस्तक प्रकाशित करवाना चाहता था तो पहले उन्हें लघुपत्रिकाओं के संपादकों की नजर में आना होता था। लेकिन हिंद युग्म लेखकों के लिखे का सीधे तौर पर मूल्यांकन करता है और उन्हें प्रकाशित करता है।

दूसरा भारी अंतर कलेवर का है। हिंद युग्म अपनी पुस्तकों वैश्विक कलेवर में प्रकाशित करता है। परिणामस्वरूप किताब से ताज़ापन झलकता है और युवा तथा समकालीन पाठक उससे आकर्षित होते हैं।

तीसरा अंतर नई वाली हिंदी का है, जो हिंदी भाषा की तमाम क्षेत्रीय जबानों और आवाज़ों को मुख्यधारा से सीधे जोड़ता है

फ्रंटलिस्ट: एनईपी 2022 ने शिक्षा प्रणाली को बदल दिया है और क्षेत्रीय भाषाओं को महत्व दिया है। क्या आप मानते हैं कि प्रकाशन उद्योग इस नई चुनौती से निपटने के लिए तैयार है?

शैलेष: राष्ट्रीय शैक्षिक नीति 2022 की यह पहल स्वागत योग्य है, लेकिन मुझे लगता है कि प्रकाशन उद्योग अभी इस चुनौती को पूरी तरीक़े से स्वीकारने को तैयार नहीं है। विशेष रूप से यदि मैं हिंदी की बात करूँ तो हिंदी में अभी उस तरह के लेखन का सर्वथा अभाव है जो बच्चों के लिए ज्ञान–विज्ञान, तकनीक आदि विषयों पर किए जा रहे हों। हिंदी का ज्यादातर लेखन साहित्य–विषयक है। हाँ, यह बात जरूर है कि नई शिक्षा नीति हिंदी प्रकाशन उद्योग के लिए एक सकारात्मक माहौल जरूर तैयार करेगी और यदि सरकार अपनी नई नीति पर लंबे समय तक टिकी रही तो प्रकाशन उद्योग इस तरह के लेखक तथा पुस्तकें तैयार कर लेगा।

फ्रंटलिस्ट: सोशल मीडिया सभी प्रकाशकों के लिए खुद को सामाजिक जानकार के रूप में स्थापित करने के लिए एक नई चुनौती लेकर आया है। हिंद युग्म ने इसे एक अवसर के रूप में कैसे देखा है?

शैलेष: हिंद का जन्म ही इंटरनेट, ईकॉमर्स तथा सोशल मीडिया की वजह से हुआ है। एक पाठक से लाखों पाठकों की हमारी यात्रा सोशल मीडिया की उड़ान से ही संभव हो पाई है। हिंद युग्म सोशल मीडिया पर बहुत अधिक सक्रिय है और अपने पाठकों से निरंतर सीधा संवाद कर रहा है।

फ्रंटलिस्ट: नीलसन बुकस्कैन डेटा के अनुसार, हिंदी–अनुवादित पुस्तकों की तुलना में मूल हिंदी किताबों की बिक्री बहुत कम है। हम इस अंतर को कैसे पाट सकते हैं? कृपया अपने विचार साझा करें।

शैलेष: देखिए, पाठकों की अभिरुचि बदल रही है। पिछले दो दशकों में दुनिया भर में पढ़ने वाले फ़िक्शन से अधिक अब नॉन फ़िक्शन पढ़ रहे हैं। फ़िक्शन की खुराक उन्हें फ़िल्म तथा वेबसीरीज़ के माध्यम से मिल रही है, नॉन फ़िक्शन की खुराक भी मिल रही है, लेकिन कम मिल रही है। अभी भी उसके लिए उन्हें पुस्तकों की तरफ़ देखना होता है। हिंदी में अभी उस तरह की सामग्री की बहुत कमी है। इसलिए हिंदी के पाठक अपनी इस तरह की भूख अनुवादित पुस्तकों से मिटाते हैं। हिंदी का पाठक भी इंटरनेट के एक्सपोज़र की वजह से बहुत अधिक विकसित हो चुका है, इसलिए हमें यदि उसे अपने से जोड़े रखना है तो उसे ऐसी किताबें देनी होंगी जो उसे इंटरनेट मीडिया से अलग और बेहतर अनुभव दे सके, नहीं तो हम यह लड़ाई हार जाएँगे।

हिमांशु गिरी

सीईओ, प्रथम बुक्स

हिमांशु को प्रकाशन, बिक्री, संचालन और विपणन में 25 से अधिक वर्षों का अनुभव है। प्रथम बुक्स से पहले, उन्होंने स्कोलास्टिक के भारत संचालन की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

फ्रंटलिस्ट: **किसी भी बच्चे के जीवन में हिंदी की किताबें उतनी ही महत्त्वपूर्ण हैं जितनी अंग्रेजी की किताबें। प्रथम बुक्स की किताबें बच्चों को हिंदी बाल साहित्य में रुचि लेने के लिए कैसे प्रेरित करती हैं?**

हिमांशु: भारत और हिंदी भाषी क्षेत्र के संदर्भ में यह कहना अधिक उचित है कि हिंदी किताबें अंग्रेजी किताबों से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण हैं। हमारे देश के बच्चे अगर तीसरी कक्षा में पहुँचकर भी अपनी कक्षा की पुस्तकें नहीं प्ढपाते (असर रिपोर्ट) तो इसका एक कारण मातृभाषाओं में उच्च गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों का अभाव भी है। यही कारण है कि नई शिक्षा नीति मातृभाषाओं पर अधिक जोर देती है और बच्चों को पाँचवीं कक्षा तक की शिक्षा मातृभाषाओं में देने की सिफारिष करती है (एनईपी 2020, अनुच्छेद 22.14)। 2004 में 'हर बच्चे के हाथ में एक किताब' पहुँचाने के लक्ष्य से जब प्रथम बुक्स की स्थापना हुई, तो निश्चित रू‍प से हमारा हर बच्चे को उसकी अपनी भाषा में किताबें पहुँचाने का लक्ष्य था और है। भारत की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा होने के कारण निश्चित रू‍प से हमने उच्च गुणवत्तापूर्ण हिंदी पुस्तकों पर जोर दिया है। हमारे संगठन की स्थापना ऐसे समय पर हुई जब न तो हमारे पास भारतीय भाषाओं में बाल साहित्य प्रकाषित करने वाले अधिक प्रकाशक थे, न ही बच्चों को मातृभाषा में पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित करने वाले लोग। माता–पिता से लेकर आसपास के लोग और बहुत हद तक अध्यापक भी उन्हें अंग्रेजी पुस्तकें पढ़ने के लिए ही अधिक प्रेरित करते थे। प्रथम बुक्स ने ऐसे समय में मातृभाषाओं में पुस्तकों की कमी को पूरा करने का काम किया। मेरा घर, मेरे दोस्त, मेरा परिवार, आम का पेड़ जैसे बेहद सामान्य विषयों पर आधारित पुस्तकों से हमने बच्चों का ध्यान पढ़ने की तरफ आकर्षित किया। अपनी भाषा में इन किताबों को हाथ में लेकर, पढ़कर बच्चों को लगा ये तो हमारी अपनी कहानी है और फिर सिलसिला चल पड़ा बच्चों की प्रथम बुक्स और मातृभाषा में किताबें पढ़ने का। हमन अब तक 26 से अधिक भारतीय भाषाओं में 600 से अधिक किताबों की रचना की है। ये भाषाएँ और इतनी किताबें बच्चों की जरूरत और उनकी माँग के अनुसार प्रकाशित की गई हैं।

2015 में स्ओरीवीवर ूऐजवतलूंअमतण्वतहण्पदद्ध के जरिए डिजिटल मंच पर आने के बाद तो हमने इसमें क्रांतिकारी बदलाव देखे हैं। स्टोरीवीवर आज दुनिया का सबसे प्रख्यात डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो कि 190 से अधिक देशों में बोली जाने वाली 310 से अधिक भाषाओं को 45000 से अधिक कहानियों के माध्यम से बच्चों और शिक्षकों तक पहुँचा रहा है और वो भी बिल्कुल मुफ्त में।

सन् 2020 से 2022 के शुरुआती महीनों तक हमने वैश्विक महामारी का जो दौर देखा, जिसमें स्कूल, लाइब्रेरी, आँगनवाड़ी साहित बच्चों की शिक्षा के सभी मार्ग बंद थे, उस समय भी प्रथम बुक्स स्ओरीवीवर के जरिए लगातार सक्रिय था। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि इस दौर में हमने **फाउंडेशन लिटेसी प्रोग्राम रीड / होम** के जरिए हिंदी और मराठी में बच्चों को उनकी शिक्षा स्तर और कक्षा स्तर के अनुरूप मनोरंजक पठन सामग्री प्रदान की।

इतना ही नहीं हमारा ध्यान उन बच्चों पर भी था जिनके पास या घर में स्मार्टफोन नहीं था, हमने ऐसे बच्चों के लिए मिस्ट कॉल दो, कहानी सुनो अभियान शुरू किया। इसके जरिए बेहद साधारण फोन से भी बच्चे टॉल फ्री नंबर पर मिस्ड कॉल देकर अपनी मनपसंद भाषा में कहानी सुन सकते थे। आपको हैरानी होगी कि हमारे इस अभियान को अपार सफलता प्राप्त हुई। हमारा यह प्रोग्राम अभी भी चल रहा है। अभी भी बच्चे 08068264449 नम्बर पर मिस्डकॉल देकर मुफ्त में कहानी सुन सकते हैं।

फ्रंटलिस्ट: **हिंदी प्रकाशन उद्योग में प्रकाशक अभी भी अंग्रेजी प्रकाशकों से पिछड़ रहे हैं। इस पर आप क्या सोचते हैं? क्या हम कभी हिंदी पुस्तकों को अंग्रेजी से अधिक महत्त्व देंगे?**

हिमांशु: मैं इस बात से पूर्णतः सहमत नहीं हूँ। हाँ हम यह कह सकते हैं कि हमारे चारों तरफ अंग्रेजी का बाजार और प्रचार अधिक है। अगर हिंदी भाषाएँ या क्षेत्रीय भाषाओं के प्रकाशक पिछड़ रहे होते तो पुस्तक मेलों और क्षेत्रीय बुक स्ओर पर हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं की माँग इतनी अधिक ना होती। अनुवार का बढ़ता उद्योग भी हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं के महत्त्व का ही द्योतक है। अगर भारत का लगभग हर बच्चा प्रेमचंद और रवीन्द्रनाथ टेगोर से परिचित है तो वो हिंदी के ही जरिए है, इसीलिए बांग्ला भाषा की सुप्रसिद्ध रचनाकार महाश्वेता देवी ने

कहा था, "अगर मेरी रचनाओं का हिंदी में अनुवाद ना हुआ होता तो मैं बांग्ला भाषा मात्र की रचनाकार होकर रह जाती, अगर आज मैं पूरे भारत में पढ़ी और सराही जाती हूँ तो उसका कारण हिंदी भाषा में मेरी रचनाओं का अनुवाद ही है।" फिर चाहे यह परिचय मूल भाषा के जरिए हो या अनुवाद के जरिए। मैं अकेले प्रथम बुक्स की बात करूँ तो आज हम हर साल 10 लाख से अधिक किताबें केवल हिंदी में छाप रहे हैं और क्षेत्रीय भाषाओं में भी लगभग 5 लाख किताबें हर साल प्रकाशित करते हैं। यह आंकड़ा प्रकाशन क्षेत्र में हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं के बढ़ते प्रभाव का ही परिचायक है।

बहुत हद तक हम हिंदी पुस्तकों को अंग्रेजी से अधिक महत्त्व दे रहे हैं। यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि हम किस भाषा क्षेत्र की बात कर रहे हैं। हिंदी भाषी क्षेत्रों जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, दिल्ली में हिंदी पुस्तकों की ही माँग और बिक्री अधिक है। न्यू एजूकेशन पोलिशी जिस तरह से मातृभाषाओं पर जोर दे रहा उस आधार पर आगे हम हिंदी पुस्तकों को और अधिक बढ़ते हुए देख सकते हैं।

फ्रंटलिस्टः **नई शिक्षा नीति 2020 ने पहली पाँच कक्षाओं के लिए भाषाओं के पाठ्यक्रम की शुरुआत की। जबकि उनके माता–पिता चाहते हैं कि वे अंग्रेजी में पढ़ाई करें तो इसका बच्चों पर क्या प्रभाव पड़ेगा?**

हिमांशुः हाँ मैं समझता हूँ कि जरूर पड़ेगा, नई शिक्षा नीति ने पहले पाँच कक्षाओं तक स्पष्ट रूप से से मातृभाषा /घर की भाषा/स्थानीय भाषा/क्षेत्रीय भाषा के माध्यम से शिक्षा की सिफारिश की है (एनईपी 2020, अनुच्छेद 4.9)। अगर मातृभाषा में पठन संसाधन ना हो तो कक्षा में संचार का माध्यम क्षेत्रीय भाषा ही रखने का प्रावधान है (एनईपी, अनुच्छेद 4.11)। शैक्षिक मनोविज्ञान के शोध अथवा यूनेस्को की रिपोर्ट 2008 के अनुसार मातृभाषा में सीखना आसान होता है क्योंकि इसमें जानना और समझना आसान होता है। अगर कोई चीज मातृभाषा में समझी जाये तो वह लम्बे समय तक स्थायी रहती है।

लोगों के बीच यह भ्रामक धारणा है कि अंग्रेजी में पढ़ने से बच्चे अधिक सफल और विद्वान होते हैं, यही कारण है कि माता–पिता बच्चों को अंग्रेजी भाषा में शिक्षण पर अधिक जोर देते हैं। उनको लगता है कि यदि उनका बच्चा क्षेत्रीय भाषा में शिक्षा ग्रहण करेगा तो पीछे रह जाएगा। अपनी भाषा में जो अपनापन है वह बहुत से जटिल विषयों को भी आसानी से समझा देती है इसीलिए नई शिक्षा नीति में स्थानीय भाषा में कई नये कोर्स शुरू करने की बात की गई है। कला से संबंधित विषयों में सीनीय कलाकारों, स्थानीय कला और संस्कृति को महत्त्व दिया जाएगा। इस तरह से बच्चे अपनी भाषा, संस्कृति के प्रति जागरूक होंगे और समाज में स्थानीय भाषा को लेकर जो हीनभावना है वह भी दूर होगी। स्थानीय भाषा की तुलना में अंग्रेजी में पढ़ने को महत्त्व देने वाले माता–पिता इसी समाज का हिस्सा हैं, जब वह समाज में बदलाव को भाँपेंगे तो उनकी स्थानीय भाषाओं के प्रति हीन भावना स्वतः ही दूर हो जाएगी। इसका सबसे अच्छा उदाहरण प्रथम बुक्स के हाल ही के अनुभव और पहल की ये झलकियाँ हैं : http://youtu.be/mCColF8hc_k राजस्थान सरकार और यूनिसेफ के एक प्रोजेक्ट के तहत वंचित समुदायों के बच्चों की शिक्षा के लिए यह पहल की गई थी। स्थानीय भाषा में पढ़ने की खुशी को आप इस वीडियो से ही भाँप सकते हैं।

फ्रंटलिस्टः **एनईपी 2022 प्रकाशकों के साथ–साथ शिक्षा प्रणाली को कैसे बदल रही है? क्या यह हमारी युवा पीढ़ी के लिए फायदेमंद होगा?**

हिमांशुः **राष्ट्रीय शिक्षा नीति हमारी शिक्षा प्रणाली के साथ प्रकाशकों की भाषा के प्रति रवैये को भी बदल रही है। वह हिंदी और स्थानीय भाषा में मूलभूत साक्षरता को ध्यान में रखते हुए पठन सामग्री का निर्माण कर रहे हैं।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का लक्ष्य 2025 तक कक्षा तीन तक के सभी बच्चों को आधारभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान सुनिश्चित करना है। एक रिपोर्ट के अनुसार कक्षा तीन के 36 प्रतिशत छात्र समझ के साथ एक पैराग्राफ भी पढ़ने में असमर्थ हैं (एनसीईआरटी 2017) और दो में से एक छात्र अपनी कक्षा की पुस्तक पढ़ने में समर्थ नहीं है (असर 2019)। भारत में मूलभूत साक्षरता की आवश्यकता का इससे अधिक प्रमाण नहीं दिया जा सकता। पिछले दो सालों में महामारी ने शिक्षा व्यवस्था को बहुत प्रभावित किया। शिक्षा व्यवस्था में अध्यापकों और छात्रों की आवश्यकता के अनुरूप नई, उपयोग में आसान पद्धति और तकनीक का प्रयोग किया गया। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के तहत 2025 तक सभी बच्चों के लिए मूलभूत साक्षरता प्राप्त करने को अभियान बना दिया गया है। इसका लक्ष्य देश भर के स्कूलों में पढ़ने की संस्कृति का निर्माण करना है। नीति आधारित अभियान का लाभ निश्चित रूप से प्रकाशकों को मिलेगा क्योंकि इससे बच्चों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली किताबों की माँग बढ़ेगी।

यह हमारी युवा पीढ़ी के लिए निश्चित रूप फादेमंद होगा। यह सांस्कृतिक दृष्टि से जहाँ एक तरफ उन्हें अपनी भाषा संस्कृति के प्रति जागरूक करेगा, वहीं दूसरी तरफ मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के कारण उनका ज्ञान स्थायी होगा। क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षा के प्रसार के कारण युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

फ्रंटलिस्टः **क्या हम अगले पाँच वर्षों में हिंदी प्रकाशन के फलने–फूलने की उम्मीद कर सकते हैं?**

हिमांशुः वर्तमान युग तकनीक का युग है। अब से कुछ साल पहले तक अंग्रेजी को ही तकनीक की भाषा माना जाता था।

इससे यह डर भी बढ़ रहा था कि हिंदी और क्षेत्रीय भाषाएँ सीमित हो जाएंगी पर आज स्थिति भिन्न है। तकनीकी क्षेत्र में हिंदी सहित भारतीय भाषाओं का दखल बढ़ा है। नई शिक्षा नीति के तहत तकनीक को दिए गये महत्त्व और दीक्षा, स्वयं आदि पोर्टलों द्वारा हिंदी भाषा में इनके क्रियान्वयन ने यह साबित कर दिया है कि आने वाले समय में प्रकाशन के क्षेत्र में भी हिंदी का भविष्य उज्ज्वल है। मातृभाषाओं में ई प्रकाशन का बढ़ता प्रभाव, ऑडियो किताबों का प्रचलन, ई पुस्तकालय, हिंदी गद्य कोष, हिंदी कविता कोष आदि के प्रसार आने वाले कल में हिंदी की प्रगति का सूचक हैं। तकनीकी क्षेत्र में स्थानीय भाषा के बढ़ते प्रभाव का अंदाजा हम इसी बात से लगा सकते हैं कि 2016 में अंग्रेजी भाषा में इंटरनेट का इस्तेमाल 176 मिलियन लोग करते थे जबकि 234 मिलियन लोग भारतीय भाषाओं में करते थे। 2021 में अंग्रेजी भाषा में यह आंकड़ा 199 मिलियन जबकि भारतीय भाषाओं में 536 मिलियन यानी दोगुने से भी अधिक बढ़ने की संभावना की गई थी। भारत में अगले पाँच वर्षों में हर दस नये इंटरनेट यूजर में से नौ के भारतीय भाषा में इंटरनेट इस्तेमाल करने की संभावना जताई गई है (Scope for Promoting Bhasas (भाषा) and NEP 2020, NEP Webinar on Promotion of Indian Languages, Central Institute of Indian Language, Mysore, Page 16)। प्रथम बुक्स में हमारा स्वयं का अनुभव भी यही कहता है कि हिंदी साहित क्षेत्रीय भाषाओं में हमारा प्रकाशन वर्ष दर वर्ष लगातार बढ़ा ही है। कभी भारतीय भाषाओं में हमारी पुस्तकों की बिक्री की संख्या लाख तक भी मुश्किल से पहुँचती थी, आज यह संख्या करोड़ों तक भी पहुँच जाती है। पिछले सालों में कई प्रकाशन संस्थाओं की सीापना भी हुई जो खासतौर पर हिंदी और भारतीय भाषाओं के प्रकाशन के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। इन सब बातों को देखते हुए मुझे लगता है कि आने वाले पाँच वर्षों में हिंदी प्रकाशन क्षेत्र में कुछ बड़ा सकारात्मक परिवर्तन देख सकते हैं।

फ्रंटलिस्टः क्या आप मानते हैं कि ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने पहले से बड़े सतर पर हिंदी पुस्तकों को बेचने में सहायता की है?

हिमांशुः जी हाँ, ई–कॉमर्स ने ना सिर्फ हिंदी पुस्तकों को बड़े स्तर पर बेचने में सहायता की है बल्कि इसने अन्य भाषाओं की पुस्तकों के भी प्रचार–प्रसार और बिक्री में योगदान किया है। आज लगभग सभी प्रकाशन संस्थाओं/गृहों के ऑनलाइन प्लेटफार्म हैं, जहाँ वह अपनी पुस्तकों की बिक्री के संबंध में सारा ब्यौरा देते हैं। बस उस प्लेटफॉर्म पर जाकर पाठक पुस्तक का स्टॉक देख सकता है एवं अपनी मनपसंद पुस्तक खरीद सकता है। दुकान पर जाकर पुस्तक खरीदने से, इस तरह पुस्तक खरीदना कहीं अधिक सरल है। यही नहीं ई–कॉमर्स पर पाठक के पास प्रिंट पुस्तक के साथ डिजिटल पुस्तक खरीदने का विकल्प भी है। पुस्तक की किंडल प्रारूप, ऑडियो बुक इसी का उदाहरण हैं। ई–कॉमर्स का ही कमाल है कि हम हिंदी और क्षेत्रीय भाषा की पुस्तकों को देष के कोने–कोने तक पहुँचा पा रहे हैं।

फ्रंटलिस्टः क्या हिंदी पुस्तकों की बिक्री कभी अंग्रेजी पुस्तकों की बिक्री की ऊँचाई को छू पाएगी? क्या हाल के वर्षों में हिंदी पाठकों को आंकड़ों में वृद्धि हुई है, या हम अभी भी उसी स्थान पर हैं?

हिमांशुः इस सवाल का जवाब देने से पहले हमारे लिए यह जान लेना आवश्यक है कि क्या सचमुच हमारे देश में अंग्रेजी पुस्तकों की बिक्री सबसे अधिक है? अगर हाँ, तो बिक्री के मुख्य क्षेत्र कौन से हैं? हकीकत है कि पुस्तक खरीदने वालों में अंग्रेजी पाठकों की ही संख्या अधिक है, ये वो उपभोक्ता हैं जो आर्थिक रूप से संपन्न हैं और अपने बच्चों को अंग्रेजी ही पढ़ता देखना चाहते हैं। यहाँ बच्चे स्वयं नहीं तय करते कि उन्हें क्या पढ़ना है, बल्कि उनके अभिभावक इसका चयन करते हैं। दूसरी बात यह कि भाषा विशेष में किताबों की बिक्री का आंकड़ा हर जगह एक जैसा नहीं है। यह बात तो सच है कि अंग्रेजी पुस्तकें पूरे देष में पढ़ी और समझी जाती हैं, परंतु उत्तर भारत, मध्य भारत, देश के पश्चिमी हिस्सों में अंग्रेजी के मुकाबले हिंदी में पुस्तकें खरीदने वाले अधिक हैं। हमारे 18 सालों के अनुभव से हम यह कह सकते हैं कि आने वाले समय निश्चित रूप से हिंदी पुस्तकों और क्षेत्रीय भाषाओं की पुस्तकों की बिक्री का आंकड़ा बढ़ेगा। नई शिक्षा नीति में त्रिभाषा फॉर्मूला (एनएपी, अनुच्छेद 22.8) इस चीज को और अधिक बल देगा।

हम जानते हैं कि हिंदी भारत की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। यह देश के अधिकांश हिस्सों में बोली या समझी जाती है देश के 20.22 प्रतिशत हिस्से में किसी अन्य मातृभाषा के साथ हिंदी भी मातृभाषा की ही तरह प्रचलित है। 6.16 प्रतिशत हिस्से में हिंदी द्विभाषी स्थिति में है जबकि 2.60 प्रतिशत हिस्से में हिंदी तीसरी भाषा के रूप में मौजूद है। इस आंकड़े के आधार पर नई शिक्षा नीति शिक्षा के क्षेत्र में हिंदी की स्थिति को बहुत बेहतर बनाएगी। देश के लगभग 70 प्रतिशत हिस्से में हम हिंदी को पहली, दूसरी या तीसरी भाषा के रूप में पाएंगे। ऐसा होने से हिंदी पाठकों के आँकड़ों में वृद्धि होना स्वाभाविक है।

वैशाली माथुर

पब्लिशर,
इंडियन लैंगविजिज़,
पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया

क्षेत्रीय भारतीय भाषाओं के साहित्य को सामने लाने के लिए वैशाली माथुर पेंगुइन के इंडियन लैंगवेज़ पब्लिशिंग का कार्यभार संभालती हैं। उनका काम मुख्य रूप से हिन्दी भाषा की किताबों और लेखकों पर केन्द्रित है। हिन्द पॉकेट बुक्स के पेंगुइन से जुड़ने के साथ–साथ वैशाली ने हिन्दी के पुरस्कृत, विख्यात और लोकप्रिय लेखकों जैसे–नरेंद्र कोहली, उपेंद्रनाथ अश्क, सुमित्रानन्दन पंत, सुरेन्द्र मोहन पाठक, दत्त भारती, वेद प्रकाश और ऐसे अनेक नामों को पेंगुइन से जोड़कर और प्रकाशित कर हिन्दी प्रकाशन की दुनिया में पेंगुइन की मौजूदगी को बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। अपनी इस भूमिका में वे पब्लिशिंग प्रोग्राम से जुड़े सभी कार्यों को संभालती हैं, इसमें अनुवाद, मार्केटिंग/पब्लिसिटी और सेल्स, लिटरेरी, जेंट्स और एजेंसियों के साथ संपर्क रखना, और पेंगुइन बुक्स के लिए भारतीय भाषाओं में किताबों के राइट्स खरीदने और बेचने जैसी जिम्मेदारियाँ शामिल हैं।

इसके अलावा, वैशाली पेंगुइन मेट्रो रीड्स और पेंगुइन आनंदा जैसे इंप्रिंट के लिए फिकशन और नॉन–फिकशन को लिस्टको आगे बढ़ाने का काम भी करती हैं।

फ्रंटलिस्ट: जब से पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने हिंदी पॉकेट बुक्स हासिल की है, यह हिंदी साहित्य को बढ़ावा देने और पाठकों के लिए इसकी प्रासंगिकता में कैसे मदद करता है?

वैशाली: हमने पूरी लिस्ट को ध्यान से देखा है और फिर पाठकों और मार्किट के हिसाब स किताबों को रीप्रिंट किया है। सम्पादकीय दृष्टिकोण से देखें तो, तीन चीज़ें की हैं हिन्द पॉकेट बुक्स की किताबों को दोबारा प्रासंगिक बनाने के लिए, एक तो किताबों के हिसाब से उन्हें नये कवर, नये फॉरमैट्स देकर दोबारा छापा है। दूसरा, जिन लेखकों की दो या दो से ज़्यादा किताबें हमारे पास हैं, उन्हें एक संग छापा है जिससे की लेखक का नाम सामने आए, और तीसरी बात ये कि हमने किताबों की पब्लिसिटी और मार्केटिंग पर काफी ध्यान दिया है। सोशल मीडिया पर हम समय–समय पर इन किताबों का प्रचार करते रहते हैं–ख़ासकर जब किसी पुस्तक का विषय प्रासंगिक हो, लेखक का जन्मदिन/जयंती हो, या उनकी पुण्यतिथि हो।

फ्रंटलिस्ट: नीलसन बुकस्कैन डेटा के अनुसार, मूल हिंदी शीर्षकों की पुस्तकों की बिक्री हिंदी–अनुवादित कार्यों की तुलना में बहुत कम है। इस पर आपके विचार क्या हैं?

वैशाली: हिंदी डिस्ट्रीब्यूटर्सज में एक बहुत सीमित प्रतिशत ही निलसन में डेटा फीड करती है, तो एक तरह से यह हिंदी किताबों का सही मापदंड नहीं है। मैंजहाँ तक देखती–समझती हूँ, यह किताब के विषय और लेखक पर निर्भर करता है कि कोई किताब कितनी बिकती है। जैसे, रामगुहा, देवदत्त पटनायक, गौरगोपालदास, सद्गुरु जैसे लिखक अब हिंदी में भी उतने ही जाने–माने है जितने कि अँग्रेज़ी में। लेकिन इनका ये सीन इनके लेखन और जिस विधा में ये लिखते हैं की वजह से है। थ्रिलर की दुनिया में सुरेंद्र मोहन पाठक आज भी बड़े चाव से पढ़े जाते हैं। प्रियम्वद, जोकी हिस्ट्री और पॉलिटिक्स पर लिखते हैं, स्वर्गीय नरेंद्र कोहली, आचार्य चतुर सेन जैसे बड़े लेखकों की किताबें लगातार बिकती हैं।

फ्रंटलिस्ट: हिंदी पॉकेट बुक्स भारत में हिंदी और उर्दू पेपरबैक में अग्रणी है। क्या पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया इसे हासिल करने के बाद न्याय कर रही है? इन पांच वर्षों में हिंदी प्रकाशन उद्योग में पेंगुइन रैंडम हाउस कहां खड़ा है?

